राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.0141–2722520

क्रमांकः प.8 (44) प.आ. / R.S.S.B. / लि.ग्रे.II / कनि.सहा.सं.सी.भ.प. / 2018 / 529 दिनांकः 09/08/2018

विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों के लिए सूचनार्थ विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा जारी संशोधित विज्ञप्ति समसंख्यक क्रमांकः 525 दिनांकः 08.08.2018 द्वारा यह सूचित किया जा चुका है कि अंग्रेजी वर्णमाला (English Alphabet) में प्रथम नामाक्षर के क्रमानुसार A to G (ए से जी तक) प्रारम्भ होने वाले ऐसे विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों, जिन्होनें बोर्ड के विज्ञापन संख्या 07/2018 दिनांकः16.04.2018, संशोधित विज्ञप्ति क्रमांकः 1422 दिनांकः 20.04.2018 व क्रमांकः 2858 दिनांकः07.06.2018 के क्रम में लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2018 के लिए "विशेष योग्यजन श्रेणी" (Specially abled category)में आवेदन प्रस्तुत किया है, उन **"विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों की परीक्षा उनके गृह जिले या पास के जिले में परीक्षा केन्द्र आवंटित करने के लिए दिनांकः 12.08.2018 के स्थान पर दिनांकः16.09.2018 को आयोजित करवाई जावेगी"** शेष अभ्यर्थियों की परीक्षा यथावत् दिनांकः 12.08.2018 को ही आयोजित होगी ।

इस विषय में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि केवल मात्र 12.08.2018 में सम्मिलित होने वाले "विशेष योग्यजन श्रेणी" (Specially abled category) के अभ्यर्थियों की परीक्षा ही दिनांकः 16.09.2018 को आयोजित होगी । अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों की परीक्षा यथावत् दिनांकः 12.08.2018 को ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित होगी ।

जिन विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों की परीक्षाएं दिनांकः 19.08.2018, 09.09.2018 एवं 16.09.2018 को निर्धारित हैं, उनकी परीक्षा दिनांक में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा । उनकी परीक्षाएं यथावत् पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांकः 19.08.2018, 09.09.2018 एवं 16.09.2018 को ही आयोजित की जावेंगी । इनके लिए ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने की दिनांक के बारे में अलग से विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी प्रदान की जावेगी। परीक्षा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी ।

परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें । बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे। नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष